छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./C.O.E/3349 /2022 दिनांक : 10/11 /2022

कार्यालय–ज्ञाप

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांक सी.एस.जे.एम.वि.वि./C.O.E./3200/2022 दिनांक 13.09.2022 का संदर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें। उक्त पत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालयों एवं व्यक्तिगत छात्र/छात्राओं की सत्र 2021–22 में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की मुख्य वार्षिक परीक्षा/एन0ई0पी0 के अन्तर्गत सम सेमेस्टर की परीक्षायें/पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की परीक्षाओं से सम्बन्धित प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षायें प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा किसी कारणवश छूट गई है अथवा अनुपस्थित हो गये थे ऐसे छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा एक अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्व संस्थागत/व्यक्तिगत माध्यम से सम्बन्धित समस्त पाठ्यक्रमों की सत्र 2021–22 के छात्र/छात्राऐं जिनकी प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षा छूट गई है अथवा अनुपस्थित रहे है, ऐसे छात्र/छात्राओं हेतु दिनांक 11.11.2022 से दिनांक 16.11.2022 तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.csjmu.ac.in** पर रूपये पॉच सौ रूपये (500/–) शुल्क जमा करते हुए उक्त परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते है। उक्त छात्र/छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय द्वारा यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

भवदीय

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभारी, पी.एम.यू. सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए वेबसाइट के होमपेज पर अपलोड कराने एवं अन्य अग्रेतर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
2. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बन्धित सम्बद्व महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से छात्र/छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, मीडिया/सम्पादक/संवाददाता, दैनिक जागरण/अमर उजाला/हिन्दुस्तान/दैनिक आज/आई. नेक्स्ट/अमर उजाला कॉम्पैक्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय–ज्ञाप को अपने सम्मानित दैनिक के समस्त संस्करणों में जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ।
5. वैय0 सहायक (कुलसचिव/वित्त अधिकारी)
6. सम्बन्धित पत्रावली।

(दिनेश कुमार मौर्य)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)